<u>राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी</u>

<u>सादर प्रकाशनार्थ :-</u>

जयपुर, 23 अगस्त । राजस्थान सरकार के कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग मंत्री श्री लालचन्द कटारिया ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री लालचन्द कटारिया ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी, सचिव श्री जसवंत गुर्जर तथा श्री ललित यादव मौजूद रहे।

कल दिनांक 24 अगस्त, 2022 बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में होने वाली जनसुनवाई स्थगित कर दी गई है।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter